राजस्थान प्रारम्भिक शिक्षा परिषद्

द्वितीय व तृतीय तल, ब्लॉक–5, डॉ.एस. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर।

rajssashaladarshan@gmail.com फोन–0141– 2711964

क्रमांक : राप्राशिप / जय / शाला दर्शन / 2017–18 / 11066 दिनांक : 26/12/17

1. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
2. समस्त उपनिदेशक, प्रा.शि. समस्त 7 संभाग, राजस्थान।
3. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, प्रा.शि., समस्त 33 जिले।
4. जिला शिक्षा अधिकारी (विधि), प्रा. शि., जयपुर, जोधपुर।
5. प्राचार्य, डाईट, समस्त 33 जिले।
6. समस्त अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, सर्व शिक्षा अभियान, समस्त 33 जिले।
7. समस्त ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, समस्त ब्लॉक, राजस्थान।

विषय – शिक्षा विभाग के कार्यालयों में कार्यरत कार्मिकों की शाला दर्पण पर जोईनिंग करवाने एवं शिक्षा विभाग के कर्मचारियों के "कार्मिक व्यक्तिगत विस्तृत विवरण प्रपत्र" (प्रपत्र–10) भरवाने के संबंध में।

संदर्भः–शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, जयपुर के पत्रांकः– पं.19(3) शिक्षा–6 / 2008 / 710–714 के संदर्भ में।

उपर्युक्त विषय एवं सन्दर्भान्तर्गत लेख है कि माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार एवं शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, जयपुर के आदेशानुसार शिक्षा विभाग के समस्त कार्यालय शाला दर्पण पोर्टल पर इन्टीग्रेट किये जाने है ताकि स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों की मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से सुनिश्चित की जा सके। इसी क्रम में सर्व शिक्षा अभियान, निदेशालय, प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर के राज्य / संभाग / जिला / ब्लॉक स्तरीय एवं समस्त डाईट, राजस्थान के शाला दर्पण पोर्टल पर लॉगिन बनाए जाकर संबंधित कार्यालय की ई–मेल आई. डी. एवं संबंधित कार्यालय के अधिकारियों के मोबाईल नंबर पर मैसेज से User ID एवं पासवर्ड भिजवाए जा चुके है। यदि किसी कार्यालय को User ID एवं पासवर्ड उपलब्ध नही हुए है तो कार्यालय के Letter head पर User ID एवं पासवर्ड पुनः भिजवाने के लिए ई.मेल आई.डी. एवं अधिकारी के मोबाईल नंबर सहित पत्र **rajssashaladarshan@gmail.com** पर भिजवाएं।

www.rajteachers.com

शाला दर्पण पर संबंधित कार्यालय के इस कार्य को संपादित करने के लिए पृथक से नोडल अधिकारी (जिला स्तर पर अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक स्तर पर अतिरिक्त ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी एवं DIET स्तर पर Vice Principal) नियुक्त करें ताकि कार्यालय की प्रोफाईल भरने, कार्यालय में कार्यरत सभी कार्मिकों की पोर्टल पर जाईनिंग एवं शिक्षा विभाग के कर्मचारियों के "कार्मिक व्यक्तिगत विस्तृत विवरण प्रपत्र" (प्रपत्र–10) भरवाने कार्य शीघ्रातिशीघ्र सम्पन्न करवाया जा सके। आपके कार्यालय में स्वीकृत सभी पदों का विवरण आपके लॉगिन पर उपलब्ध करवाया जा चुका है जिसमें किसी भी प्रकार का संशोधन अपेक्षित होने पर एवं शाला दर्पण पोर्टल पर आपके कार्यालय की प्रविष्टियों से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए शाला दर्शन प्रकोष्ठ, रा.प्रा.शि.प., जयपुर से **rajssashaladarshan@gmail.com** पर ई–मेल से सम्पर्क किया जा सकता है।

(डॉ. जोगा राम)
आयुक्त

क्रमांकः–राप्राशिप / जय. / शाला दर्शन / 2017–18 / 11067 दिनांक : 26/12/17

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त, राप्राशिप, जयपुर।
3. निजी सहायक, अति. आयुक्त, राप्राशिप, जयपुर।
4. श्री सर्वोत्तम पारीक, प्रोग्रमर, राप्राशिप, जयपुर को भेजकर लेख है कि राप्राशिप, जयपुर मुख्यालय से संबंधित पोर्टल पर प्रविष्टि का कार्य अविलम्ब पूरा करवाएं।
5. रक्षित पत्रावली।

(राजेश कुमार)
उप निदेशक (शाला दर्शन)

www.rajteachers.com